# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 12 /भण्डार/2017 भोपाल, दिनांकः 26/9/17

## तैयार उत्तरपुस्तिका प्रदाय हेतु निविदा – वर्ष 2017

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की परीक्षाओं के उपयोग में आने वाली "तैयार उत्तरपुस्तिका प्रदाय हेतु निविदा – वर्ष 2017" क्रय के लिये आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, शर्तें, विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट https://www.mpeproc.gov.in पर लाग–आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000–00 तथा सुरक्षा निधि राशि रू. 4,00,000=00 हैं। इन्हें आन–लाईन जमा किया जाना हैं।

निविदा का कुल मूल्य रूपये 1,50,00,000=00 लगभग है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट (https://www.mpeproc.gov.in एवं www.bubhopal.ac.in) पर दी जाएगी। निविदा जमा एवं खोलने सम्बन्धी विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की तिथि | 26-9-2017 | 21-00 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 9-10-2017 | 15-00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 9-10-2017 | 17-00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि (निविदा फार्म तथा सुरक्षा निधि राशि ) | 10-10-2017 | 15-30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 10-10-2017 | 16-00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 15-10-2017 | 15-30 |

निविदा सम्बन्धी सामान्य जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध हैं।

कुलसचिव

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

तैयार उत्तरपुस्तिका प्रदाय हेतु निविदा – वर्ष 2017

## भाग – 1
## निविदा आवेदन एवं प्रक्रिया संबंधी जानकारी

1.1 निविदा प्रपत्र https://mpeproc.gov.in से डाउनलोड करे। निविदा सम्बन्धी जानकारी बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल की वेब साइट www.bubhopal.ac.in पर भी अवलोकनार्थ उपलब्ध है।

1.2 यह निविदा बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित की जाने वाली विभिन्न परीक्षाओं के उपयोग में आने वाली तैयार उत्तरपुस्तिकाओं के क्रय के लिए प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं तकनीकी रूप से योग्य फर्मो से आमंत्रित की जा रही हैं। निविदाकर्ता फर्मों से अपेक्षा है कि वे निविदा की शर्तों का अध्ययन सावधानीपूर्वक कर लें।

1.3 इस निविदा में वे फर्म भी भाग ले सकती है जो साझेदारी में कार्य करती हैं। (Consortium Allowed)

1.4 तैयार उत्तरपुस्तिकाएं प्रदाय की निविदा को वेब–साईट https://mpeproc.gov.in पर आन–लाईन पद्धति से प्रस्तुत किया जाना हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेब–साईट पर दी जावेगी। निविदा का अनुमानित मूल्य रू. 1,50,00,000=00 लगभग हैं।

1.5 निविदा आन–लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का विवरण निम्नानुसार है:–

| सं.क्र. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की तिथि | 26-9-2017 | 21-00 |
| 02 | निविदा फार्म डाउनलोड करने की अंतिम तिथि | 9-10-2017 | 15-00 |
| 03 | निविदा फार्म आन लाईन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 9-10-2017 | 17-00 |
| 04 | निविदा खोलने की तिथि<br>(निविदा फार्म तथा सुरक्षा निधि राशि ) | 10-10-2017 | 15-30 |
| 05 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि | 10-10-2017 | 16-00 |
| 06 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 15-10-2017 | 15-30 |

1.6 यदि निविदा खुलने की तिथि पर अपरिहार्य कारणों से निविदा खोली नहीं जा सकी तो उसे अगले कार्यदिवस पर दोपहर 3–30 बजे खोली जावेगी। इसकी पृथक से सूचना देना आवश्यक नही हैं।

1.7 <u>प्रक्रिया–1</u>: निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 5,000=00 (रूपये पॉच हजार मात्र) हैं। सुरक्षा निधि रूपये 4,00,000=00 (रूपये चार लाख मात्र) हैं। इन्हें आन लाईन जमा किया जाना हैं। जमा की दोनों रसीदों को निविदा के साथ अपलोड करना हैं।
उपरोक्तानुसार निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं सुरक्षा निधि राशि प्राप्त होने पर ही फर्म को प्रक्रिया–2 के लिए योग्य माना जायेगा।

1.8 <u>प्रक्रिया–2</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 1 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही तकनीकी निविदा खोली जावेगी। तकनीकी निविदा के भाग–2 में दर्शित दस्तावेज फर्म की सील एवं हस्ताक्षरित कर पृथक–पृथक स्केन कर अपलोड किये जाने हैं।

1.9 <u>प्रक्रिया–3</u> : तत्पश्चात उपरोक्त प्रक्रिया 2 में योग्य पायी जाने वाली फर्मों की ही वित्तीय निविदा खोली जावेगी। वित्तीय निविदा को भी आन लाईन प्रस्तुत किया जाना हैं।

## भाग – 2
## निविदा की अर्हकारी शर्तें

2.1 निविदाकर्ता फर्म के पास 5 भिन्न विश्वविद्यालयों / शैक्षणिक संस्था में उत्तरपुस्तिका प्रदाय का अनुभव होना चाहिए। प्रमाण /कार्यादेश की प्रति संलग्न करें।

2.2 फर्म द्वारा पिछले पांच वित्तीय वर्षों (2016–17, 2015–16, 2014–15, 2013–14, 2012–13) में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्था का न्यूनतम 20 लाख वार्षिक उत्तरपुस्तिकाएं प्रदाय का कार्य किया गया हो। एक वर्ष में एक से अधिक संस्थाओं के कार्यादेश की कुल संख्या मान्य होगी। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें।

2.3 पिछले पांच वित्तीय वर्षो (2016–17, 2015–16, 2014–15, 2013–14, 2012–13) में औसत रू0 8 करोड़ का टर्न ओवर होना अनिवार्य है। **फर्म का टर्न ओव्हर की चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें तथा अंकेक्षित लेखे व बेलेन्सशीट भी संलग्न करें।**

2.4 पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2016–17, 2015–16, 2014–15) की इनकम टैक्स रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें।

2.5 निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1000=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न है।

2.6 निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा।

2.7 (क) जी0 एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।
(ख) आयकर (PAN) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें।
(घ) संस्था/फर्म/कम्पनी का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें।

2.8 निविदा केवल निर्धारित प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी। निविदा प्रपत्र का मूल्य वापसी योग्य नहीं है।

2.9 सफल निविदाकर्ता फर्म द्वारा प्रदाय की जाने वाली उत्तरपुस्तिका के कागज की, शासकीय संस्था की जी.एस.एम. टेस्ट रिपोर्ट विश्वविद्यालय को भुगतान के लिए प्रस्तुत बिल के साथ प्रस्तुत करना होगी।

2.10 निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 9001: 2008 प्रमाण पत्र की होना आवश्यक है। छाया प्रति संलग्न करे।

2.11 निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 27001: 2013 प्रमाण पत्र होना आवश्यक है। छाया प्रति संलग्न करे।

## भाग – 3
## निविदा की अन्य शर्तें

3.1 कार्य आदेश के पूर्व सफल निविदाकर्ता को कुल निविदा की 5 प्रतिशत की बैंक गारण्टी भी विश्वविद्यालय के पक्ष में अनिवार्य रूप से देना होगा। साथ ही एक अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा। अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करने पर बैंक गारण्टी को राजसात कर उसका नकदीकरण किया जा सकेगा।

3.2 सफल निविदाकर्ता की धरोहर राशि बैंक गारण्टी में परिवर्तित होकर विश्वविद्यालय में सुरक्षित रहेगी। यदि बैंक गारंटी की राशि कुल निविदा की गारण्टी से कम होती है तो फर्म को शेष राशि की गारंटी विश्वविद्यालय में अनुबन्ध के समय जमा करना होगा।

3.3 पात्र पाई गयी संस्था से प्रथमतः एक वर्ष के लिए अनुबंध किया जाएगा।

3.4 विश्वविद्यालय द्वारा फर्म की कार्य क्षमता एवं गुणवत्ता को देखते हुए, अनुबंध की अवधि को आपसी सहमति से अधिकतम 3 वर्ष तक (एक बार में एक वर्ष) के लिए बढ़ाया भी जा सकता हैं। फर्म से अनुबन्ध की अवधि में उत्तरपुस्तिका की कीमत मे वृद्धि को मान्य नहीं किया जावेगा।

3.5 दोनों पक्षों में से यदि कोई भी पक्ष निविदा समाप्त करना चाहता है तो उसे न्यूनतम 03 माह पूर्व लिखित सूचना देना आवश्यक हैं।

3.6 फर्म द्वारा प्रदाय की गई उत्तरपुस्तिकाओं के बंडल से कम संख्या में उत्तरपुस्तिकाएं होने, सीरियल नम्बर से उत्तरपुस्तिकाएं नही जमी होने, एक ही नम्बर की दो या अधिक उत्तरपुस्तिकाएं होने, बिना नम्बर की उत्तरपुस्तिकाएं होने, एक ही उत्तरपुस्तिका पर दो या अधिक नम्बर होने, उत्तरपुस्तिकाओं में आड़ी तिरछी रूलिंग, हल्की कम स्याही से मुद्रित होने अथवा उत्तरुपस्तिका का साईज, कागज की गुणवत्ता मे कमी होने आदि पर भुगतान से निविदा में दर्शित बिन्दु 3.8 अनुसार कटौति की जाएगी।

3.7 कार्य सन्तोषजनक न होने या निविदाकर्ता द्वारा शर्तों का पालन नहीं करने की स्थिति में निविदाकर्ता का आदेश बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा किसी भी समय बिना किसी पूर्व सूचना के निरस्त किया जा सकता है एवं धरोहर राशि जब्त की जावेगी। इसमें विश्वविद्यालय को जो भी आर्थिक हानि होगी उसकी वसूली भी स्वीकृत निविदाकर्ता से की जावेगी। ऐसी परिस्थिति में भुगतान से कटौति का अधिकार कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के विवेकाधिकार पर सुरक्षित रहेगा।

3.8 कार्य में त्रुटि या विलम्ब होने पर निम्नानुसार दण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा:–
(i) 01 जी.एस.एम. की कमी पर बिल की राशि का 3% की कटौति की जावेगी।
(ii) 02 जी.एस.एम. की कमी पर बिल की राशि का 6% की कटौति की जावेगी।
(iii) 03 जी.एस.एम. की कमी पर बिल की राशि का 9% की कटौति की जावेगी।
इससे अधिक जी.एस.एम. की कमी पर इसी अनुपात में कटौति की जावेगी।

विलम्बः– विश्वविद्यालय द्वारा दिए एक प्रदाय आदेश की तिथि के 45 दिवस के अन्दर निविदा में सफल फर्म को उत्तरपुस्तिका प्रदाय करना होगी। यदि उत्तरपुस्तिका समय सीमा में प्रदाय नहीं की जाती है तो निम्नांकित अनुसार कटौति की जावेगीः–
(i) 07 दिवस विलम्ब से प्रदाय करने पर बिल की 5% राशि की कटौति की जावेगी।
(ii) 08 से 15 दिवस के विलम्ब से प्रदाय करने पर बिल की 10% राशि की कटौति की जावेगी।
(iii) 15 दिवस से अधिक विलम्ब पर बिल की 15% राशि की कटौति की जावेगी।
उक्त बिन्दुओं के अतिरिक्त निविदा की शर्तों का पालन न करने पर कटौति का अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

3.9 उत्तरपुस्तिकाएं स्वीकृत स्पेसिफिकेशन के अनुसार कार्य पूर्ण कर प्रदान करने पर ही स्वीकार की जावेगी। आदेशित सामग्री स्पेसिफिकेशन के अनुरूप न होने या निर्धारित्त गुणवत्ता से कम होने पर निविदादाता को उनके व्यय पर वापस की जाएगी।

3.10 उत्तरपुस्तिका तैयार करने में लगने वाले कागज एवं अन्य सामग्रियों की व्यवस्था निविदाकर्ता फर्म द्वारा की जाएगी।

3.11 मुख्य उत्तरपुस्तिकाएं एवं पूरक उत्तरपुस्तिकाएं सीरियल नम्बर अनुसार बढ़ते क्रम से अलग–अलग जमाई जाएगी। उत्तरपुस्तिकाएं 1000 के बंडल में सीरियल नम्बर अनुसार जमाकर प्लास्टिक डोरी से बांधकर मोटे ब्राउन पेपर पैकिंग में प्रदाय की जाएगी। प्रत्येक बंडल के ऊपर पहली एवं अंतिम उत्तरपुस्तिकाओं के सीरियल नम्बर काले मार्कर पेन से स्पष्ट रूप से अंकित किया जाएगा।

3.12 सफल निविदाकर्ता द्वारा मुख्य उत्तरपुस्तिका एवं पूरक उत्तरपुस्तिका के 4–4 नमूने विश्वविद्यालय को प्रस्तुत किए जावेगें। विश्वविद्यालय के अनुमोदन पश्चात ही फर्म द्वारा मुद्रण कार्य प्रारम्भ किया जावेगा।

3.13 उत्तरपुस्तिका के मुख्य पृष्ठ एवं ओ.एम.आर. शीट पर मुद्रित होने वाला मैटर विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

3.14 आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रदाय की गई उत्तारपुस्तिका के कागज का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा करवाया जाएगा। मूल्यांकन कराये जाने का व्यय निविदाकर्ता वहन करेगा। प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर तद्नुसार भुगतान किया जाएगा।

3.15 यदि कागज का जी.एस.एम. कम पाया जाता है तो कागज के मूल्यांकन में लगने वाले व्यय की कटौति फर्म के देयक से की जावेगी।

3.16 उत्तरपुस्तिका मुद्रण कार्य की दरें F.O.R. बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगी।

3.17 दरें कर रहित (Without tax) होगी। यदि कर लागू हो तो उसका अलग से कर की दर सहित उल्लेख करें। इसकी जानकारी निविदा प्रपत्र में देवें।

3.18 जो निविदा मान्य नहीं होगी उनकी सुरक्षा निधि की राशि निविदा बुलाने के एक माह के अन्दर लौटा दी जावेगी।

3.19 स्वीकृत/अस्वीकृत निविदा के साथ जमा की गई धरोहर राशि पर किसी भी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

3.20 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति प्रवर्ग के निविदाकर्ता निविदा प्रपत्र के ऊपर स्पष्ट रूप से वर्ग अंकित करे एवं अपने विशेष पंजीयन की प्रतिलिपि अवश्य लगाए।

3.21 आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत किये गये देयकों के भुगतान पर नियमानुसार टी0डी0एस0 एवं अन्य करों की कटौति की जावेगी।

3.22 निविदा की शर्तों में किसी प्रकार की छूट नहीं दी जावेगी।

3.23 वित्तीय निविदा प्रपत्र ए–2 में पांच प्रकार की उत्तरपुस्तिकाओं की दरें मांगी गई है। प्रत्येक प्रकार की उत्तरपुस्तिकाओं की पृथक–पृथक न्यूनतम दरें स्वीकार्य की जायेगी।

3.24 विश्वविद्यालय के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह न्यूनतम दर वाली निविदाकर्ता फर्म की निविदा को सकारण अमान्य कर सकता हैं।

3.25 यह आवश्यक नहीं है कि विश्वविद्यालय सभी फर्मो को कार्यादेश दे, जिन्होने निविदा में भाग लिया है।

3.27 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

3.28 न्यायालयीन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

## भाग – 4
## उत्तरपुस्तिकाओं का स्पेसिफिकेशन एवं विवरण

4.1 उत्तरपुस्तिकाओं तथा ओ.एम.आर. शीट का स्पेसिफिकेशन निम्नानुसार है:–

उत्तरपुस्तिका :–

4.11 प्रत्येक उत्तरपुस्तिका का आकार ए–4 तथा पोट्रेट होना चाहिए।
4.12 उत्तरपुस्तिका का कागज 70 जी.एस.एम. का क्रीमवोव होना चाहिए।
4.13 उत्तरपुस्तिका के अन्दर के पृष्ठों पर 28 क्षैतीज एक ऊपर बोल्ड लाइन होना चाहिए।
4.14 उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठ पर मेटर आफसेट से मुद्रण होना चाहिए।
4.15 उत्तरपुस्तिकाओं के बाये ओर ऊपर पृष्ठ पर बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का मोना मुद्रित होना चाहिए।
4.16 उत्तरपुस्तिकाओं के अंदर दायी ओर पृष्ठ गोले में मुद्रित होना चाहिए।
4.17 उत्तरपुस्तिकाओं की मशीन से सिलाई बाइंडिंग होना चाहिए।
4.18 बोल्ड खडी लाईन के अन्दर पृष्ठ में प्रश्न क्रमांक का बाक्स 2 सेमी X 1.5 सेमी का बना होना चाहिए। इसके बाद BU BHOPAL मुद्रित होना चाहिए। तत्पश्चात अंक लिखने का बाक्स 2 सेमी X 1.5 का होना चाहिए।
4.19 उत्तरपुस्तिकाओं के मुख्य पृष्ठों पर परीक्षार्थियों के लिए निर्देश एवं अन्य प्रारूप विश्वविद्यालय सफल निविदाकर्ता को उपलब्ध करायेगा।
4.20 उत्तरपुस्तिकाओं में निर्धारित स्थान पर उत्तरपुस्तिका क्रमांक अंकित होना चाहिए।
4.21 उत्तरपुस्तिका में बायी ओर ऊपर एक होल पंच होना चाहिए।
4.22 पूरक उत्तर पुस्तिकाओं पर प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका लिखा होना चाहिए।
4.23 उत्तरुपस्तिका का मुख्य पृष्ठ पर एक रंग काला व दूसरा रंग आदेश देते समय निर्धारित किया जाएगा।
4.23 उत्तरपुस्तिकाओं के निम्नांकित पृष्ठ होना चाहिए :–
(i) मुख्य उत्तरपुस्तिका 40 पृष्ठ बिना ओ.एम.आर.शीट की
(ii) मुख्य उत्तरपुस्तिका 40 पृष्ठ ओ.एम.आर.शीट सहित
(iii) मुख्य उत्तरपुस्तिका 24 पृष्ठ बिना ओ.एम.आर.शीट की
(iv) मुख्य उत्तरपुस्तिका 24 पृष्ठ ओ.एम.आर.शीट सहित
(V) प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ बिना ओ.एम.आर. शीट की

ओ0एम0आर0शीट :–

ओ.एम.आर.शीट का कागज 105 जी.एस.एम. सफेद मेपलिथो पेपर का होना चाहिए। मुख्य पृष्ठ 02 रंग में मुद्रित होना चाहिए। तथा पिछला पृष्ठ 01 रंग में मुद्रित होना चाहिए। मुख्य पृष्ठ पर एक रंग काला व दूसरा रंग आदेश देते समय निर्धारित किया जाएगा। ओ.एम.आर.शीट स्टेण्डर्ड फारमेट में होना चाहिए। जिसे परीक्षा परीणाम बनाने वाली फर्म द्वारा रीड किया जा सकें। मुद्रण के उपरान्त ओ.एम.आर.प्रिन्ट की स्याही मिटना नहीं चाहिए। ओ0एम0आर0शीट तीन जगह से परफोरेटेड रहेगी। ओ0एम0आर0शीट का साईज ए–4 (पोट्रेट) होना चाहिए। ओ0एम0आर0शीट में बारकोड होना चाहिए। ओ0एम0आर0शीट में ओ0एम0आर0 नम्बर, छात्र का रोल नम्बर, इनरोलमैन्ट नम्बर, परीक्षा का नाम, विषय का नाम, प्रश्नपत्र का नाम, परीक्षा दिनांक आदि सम्मिलित होना चाहिए। ओ0एम0आर0 के पृष्ठ भाग में ओ0एम0आर0 भरने सम्बन्धी निर्देश, परीक्षार्थी / वीक्षक / परीक्षक के लिए निर्देश होने चाहिए।

4.2 उत्तरपुस्तिकाओं की एक वर्ष में अनुमानित संख्या एवं विवरण निम्नानुसार है:–

| क्र0 | उत्तरपुस्तिका का विवरण | संख्या |
|---|---|---|
| 1 | एक मुख्य उत्तरपुस्तिका 40 पृष्ठ बिना ओ.एम.आर. शीट की पोट्रेट | लगभग 10 लाख |
| 2 | एक मुख्य उत्तरपुस्तिका 40 पृष्ठ ओ.एम.आर. शीट सहित पोट्रेट | लगभग 10 लाख |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | एक मुख्य उत्तरपुस्तिका 24 पृष्ठ बिना ओ.एम.आर. शीट की पोर्ट्रेट | लगभग 10 लाख |
| 4 | एक मुख्य उत्तरपुस्तिका 24 पृष्ठ ओ.एम.आर. शीट सहित पोर्ट्रेट | लगभग 10 लाख |
| 5 | प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ पोर्ट्रेट बिना ओ.एम.आर.शीट की | संख्या आवश्कतानुसार होगी। |

टीपः– (1) विश्वविद्यालय द्वारा उक्त पांच प्रकार उत्तरपुस्तिकाओं की दरें मांगी गयी हैं। यह आवश्यक नहीं है कि फर्म को पांच प्रकार की उत्तारपुस्तिकाओं के कार्यादेश विश्वविद्यालय द्वारा दिये जावें । (2) दर बगैर कर की अंकित की जाये। कर यदि लागू हो उसका विवरण अलग से देवें । (3) उत्तारपुस्तिकाओं के स्पेसिफिकेशन निविदा में दिए विवरण अनुसार होगें।

**निम्नानुसार दस्तावेजों को फर्म की सील एवं हस्ताक्षर सहित स्केन कापी अपलोड की जाना हैं।**

| सं0 क्र0 | विवरण |
|---|---|
| 01 | निविदा प्रपत्र के मूल्य रूपये 5000=00 आन लाईन जमा की रसीद। |
| 02 | सुरक्षा निधि की राशि रूपये 4,00,000–00 आन लाईन जमा की रसीद |
| 03 | निविदाकर्ता फर्म के पास 5 भिन्न विश्वविद्यालयों / शैक्षणिक संस्था में उत्तरपुस्तिका प्रदाय का अनुभव होना चाहिए। प्रमाण /कार्यादेश की प्रति संलग्न करें। |
| 04 | फर्म द्वारा पिछले पांच वित्तीय वर्षो (2016–17, 2015–16, 2014–15, 2013–14, 2012–13) में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/शैक्षणिक संस्था का न्यूनतम 20 लाख वार्षिक उत्तरपुस्तिकाएं प्रदाय का कार्य किया गया हो। एक वर्ष में एक से अधिक संस्थाओं के कार्यादेश की कुल संख्या मान्य होगी। सम्बन्धित संस्था का कार्य आदेश /सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र की छाया प्रति प्रमाण स्वरूप संलग्न करें। |
| 05 | पिछले पांच वित्तीय वर्षों (2016–17, 2015–16, 2014–15, 2013–14, 2012–13) में औसत रू0 8 करोड का टर्न ओवर होना अनिवार्य हैं। **फर्म का टर्न ओव्हर की चार्टेड एकाउन्टेन्ट से प्रमाणित छाया प्रतिलिपि संलग्न करें तथा अंकेक्षित लेखे व बेलेन्सशीट भी संलग्न करें।** |
| 06 | पिछले तीन वित्तीय वर्ष (2016–17, 2015–16, 2014–15) की इनकम टैक्स रिटर्न की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 07 | निविदा में भाग लेने वाली फर्म किसी भी शासकीय संस्था से कभी भी ब्लेक लिस्टेड नहीं होना चाहिए। इस बाबत निविदाकर्ता फर्म को मूल शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है जो रू0 1000=00 के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कर विधिवत प्रस्तुत किया जाय। शपथ पत्र का प्रारूप संलग्न हैं। |
| 08 | निविदा प्रपत्र एवं संलग्न प्रपत्रों के प्रत्येक पृष्ठ पर निविदाकर्ता द्वारा फर्म की मोहर लगाकर हस्ताक्षर करें। **किसी भी प्रपत्र पर फर्म की मोहर एवं हस्ताक्षर न होने पर उसे संलग्न न किया माना जावेगा।** |
| 09 | जी0 एस0टी0 (GST) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 10 | आयकर (PAN) नंबर की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 11 | संस्था/फर्म/कम्पनी का वैध रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की छाया प्रति संलग्न करें। |
| 12 | निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 9001: 2008 प्रमाण पत्र की होना आवश्यक है। छाया प्रति संलग्न करे। |
| 13 | निविदाकर्ता फर्म के पास ISO 27001: 2013 प्रमाण पत्र होना आवश्यक हैं। छाया प्रति संलग्न करे। |
| 14 | निविदा प्रपत्र ए–1 |

## प्रपत्र ए–1
## ( निविदा प्रपत्र)

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषय:– तैयार उत्तरपुस्तिका प्रदाय हेतु निविदा वर्ष 2017 बावत।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि हमारी संस्था की जानकारी निम्नानुसार है:–

| स0 क्र0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | फर्म का नाम | |
| 02 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 03 | फर्म के प्रतिनिधि का नाम | |
| 04 | पदनाम | |
| 05 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |
| 06 | ई–मेल | |

## प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि निविदा के भाग "1", "2", "3" "4" में दर्शित शर्तों के अनुसार विश्वविद्यालय द्वारा **तैयार उत्तरपुस्तिका प्रदाय हेतु निविदा वर्ष–2017** का कार्य पूर्णतः करने को अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

फर्म के अधिकृत हस्ताक्षर एवं सील

शपथ पत्र नोटरी से सत्यापित
रू. 1000/– के स्टाम्प पेपर पर

मैं————————————द्वारा प्रोपराईटर मेसर्स————————————

निम्नलिखित कथन शपथ लेकर कहता हूँ किः–

(1) यह कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्था / उपक्रम से कभी भी ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया हैं।

(2) यह कि फर्म का तैयार उत्तरपुस्तिका प्रदाय के कार्य सम्बन्धी में कोई कानूनी विवाद न्यायालय में लम्बित नहीं हैं।

(3) यह कि फर्म पर किसी शासकीय संस्था/उपक्रम की देनदारी शेष नहीं हैं।

(4) यह कि निविदा में प्रस्तुत अथवा शपथ पत्र में पाई गई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी निविदा को निरस्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

शपथग्रहिता

## सत्यापन

मैं उपरोक्त शपथग्रहिता सत्यापित करता हूँ कि मेरे द्वारा निष्पादित उक्त शपथ पत्र के बिन्दु (1) से (4) में वर्णित कथन मेरे निजी ज्ञान व विश्वास अनुसार पूर्ण सत्य हैं।

शपथग्रहिता

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल
प्रपत्र ए–2
(वित्तीय निविदा)

| | |
|---|---|
| फर्म का नाम | |

| सं.क्रं | उत्तरपुस्तिका का विवरण निविदा में दिए स्पेसिफिकेशन अनुसार | दर रू. शब्दों में प्रति नग | दर रू. अंकों में प्रति नग |
|---|---|---|---|
| 1 | एक मुख्य उत्तर पुस्तिका 40 पृष्ठ ए–4 साईज पोट्रेट बिना ओ.एम.आर. शीट की | | |
| 2 | एक मुख्य उत्तर पुस्तिका 40 पृष्ठ ए–4 साईज पोट्रेट ओ.एम.आर. शीट सहित | | |
| 3 | एक मुख्य उत्तर पुस्तिका 24 पृष्ठ ए–4 साईज पोट्रेट बिना ओ.एम.आर. शीट की | | |
| 4 | एक मुख्य उत्तर पुस्तिका 24 पृष्ठ ए–4 साईज पोट्रेट ओ.एम.आर. शीट सहित | | |
| 5 | प्रायोगिक / पूरक उत्तरपुस्तिका 12 पृष्ठ ए–4 साईज पोट्रेट बिना ओ.एम.आर.शीट की | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कर का नाम एवं दर | |
| 2 | कर का नाम एवं दर | |
| 3 | कर का नाम एवं दर | |